# आयुर्वेद महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत भाषण व पोस्टर प्रजेंटेशन प्रतियोगिता

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ आयुर्विज्ञान संस्थान, आयुर्वेद महाविद्यालय के संहिता सिद्धान्त एवं संस्कृत विभाग, भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में चरक जयन्ती एवं संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 12 अगस्त 2026 को भारतीय ज्ञान संपदा विषय पर संस्कृत भाषण व पोस्टर प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में नागार्जुन बैच के विपुल कुमार शर्मा तथा माधवकर बैच की उन्नति एवं मेघा ने भारतीय ज्ञान सम्पदा विषय पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट वक्तृत्व-कौशल का परिचय दिया। संस्कृत भाषा प्रतियोगिता के निर्णायक आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय व डॉ अर्पित रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में शिवांश सिंह, अंशिका, दीपेश एवं ईशा यादव ने अपने आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टरों का प्रदर्शन किया तथा उनके माध्यम से विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

